**<u>पत्र सूचना शाखा</u>**

**<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>**

# <u>बच्चे भविष्य को देखते हुए आगे बढ़े--राज्यपाल</u>

**21 सितम्बर, 2015**

**उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज सोहन लाल इण्टरमीडिएट कालेज, राजेन्द्रनगर, लखनऊ के शताब्दी समारोह में कहा कि ऐसे बच्चे जिनके मा ॅ-बाप किन्ही कारणों से शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाये हैं, को शिक्षा देकर गुणवान बनाना शिक्षकों के लिये चुनौती का कार्य है। बच्चों को ठीक प्रकार से शिक्षा मिले तो प्रगति की अच्छी सम्भावना होती है। उन्होने कहा कि शिक्षण एवं प्रबन्धन से जुड़े लोग शताब्दी वर्ष में वर्तमान का आकलन करते हुए भविष्य सफल बनाने पर आत्म चिन्तन करें।**

**राज्यपाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सफल भविष्य के लिये अनुशासन आवश्यक है। छात्र अच्छी शिक्षा ग्रहण करें ताकि जीवन के संघर्ष का सामना कर सकें। बच्चों को केवल किताबी कीड़े न बनकर खेलकूद में भाग लेना चाहिये। अपने जीवन में जो भी करें उसे अधिक अच्छा बनाने का प्रयास करें। अच्छी शिक्षा से स्कूल का नाम होता है, शहर का नाम होता है, उसी प्रकार प्रदेश और देश का नाम होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे भविष्य को देखते हुए आगे बढ़े।**

**श्री नाईक ने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किये तथा विद्यालय की स्मारिका का विमोचन भी किया।**

**समारोह में प्रबन्धक, श्री प्रेम प्रकाश मौर्य तथा श्री विजय गोपाल मौर्य, प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार रखे।**

---------

सोहन लाल इण्टरमीडिएट कॉलेज
राजेन्द्र नगर, लखनऊ

सोहन लाल इण्टरमीडिएट कॉलेज
राजेन्द्र नगर, लखनऊ
शताब्दी समारोह - 2015
कार्यक्रम स्थल : रविन्द्रालय, चारबाग, लखनऊ
मुख्य अतिथि -
प्रधानाचार्य
प्रेम प्रकाश मौर्य
प्रबन्धक